**श्री अमरेन्द्र प्रसाद सिंह (भा0 प्र0 से0), जिला पदाधिकारी मुंगेर की अध्यक्षता में दिनांक 16.09.2014 को आयोजित कृषि टास्क फोर्स बैठक की कार्यवाही:–**

802
26/9/14

उपस्थिति:– यथा पंजी में संधारित

दिनांक 16.09.2014 को जिला पदाधिकारी मुंगेर द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में कृषि टास्क फोर्स की बैठक की गयी जिसमें विभिन्न विभागों के योजनाओं/कार्यक्रमों की निम्न प्रकार समीक्षा की गयी।

1. **कृषि**

**(i) वर्षापात/आच्छादन:–** जिला पदाधिकारी द्वारा सर्व प्रथम कृषि विभाग की समीक्षा करते हुये फसल स्थिति की जानकारी लिए जाने पर जिला कृषि पदधिकारी द्वारा वताया गया कि माह सितम्बर में 219.8 मि0मी0 सामान्य वर्षापात के विरूद्व 100.42 मि0मी0 वर्षा हुई है जो सामान्य वर्षा से 54.31 प्रतिशत कम है किन्तु समय–समय पर अच्छी वारिस होते रहने के कारण फसल की स्थिति अच्छी है।

**(ii) उर्वरक,बीज एवं कीटनाशी :–** जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा वताया गया कि बीज एवं कीटनाशी की कमी नही है। उर्वरक विक्रेताओ के यहॉ यूरिया–40, डी0ए0पी–1011, एन0पी0के0–50, एवं एम0ओ0पी0–90, मै0 टन मात्र उपलब्ध है। अप्रैल 2014 से सितम्बर 2014 तक यूरिया 8225, डी0ए0पी0–2600, एन0पी0के0–1200, एम0ओ0पी0–625 एवं एस0एस0पी–20 मै0 टन के विरूद्व क्रमश:–5384.6, 1951.9, 304.5, 606.3, 19.6 मै0 टन उर्वरक अभीतक प्राप्त हुआ है जो निर्धारित लक्ष्य से कम है जिससे वर्तमान समय में यूरिया की मॉग अधिक रहने से कालाबाजारी की संभावना को देखते हुये दिनांक–13.09.2014 को मेरे द्वारा असरगंज एवं तारापुर प्रखंडो में विक्रेताओ के निरीक्षण करते हुये गुणवता जॉच हेतु उर्वरक नमुना लिया गया। उक्त कार्य के दौरान बहुत से दुकानो को बन्द पाया गया जिनसे कारण पृच्छा करते हुये प्रखड कृषि पदाधिकारियो को सतत् निगरानी हेतु निर्देश दिया गया है जिसपर जिला पदाधिकारी, द्वारा हमे, संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी, को जानकारी देते हुय समय समय पर व्यवसायिक कर के पदाधिकारियो को भी साथ में रखकर विक्रेताओ का निरीक्षण करने का निदेश दिया गया।

26/9/14
26/9/14

**(iii) कृषि यांत्रिकरण** :–जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा वताया गया कि जिले को वर्ष 2014–15 मे भौतिक 3838 वित्तीय 238.69 लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके लिये निदेशानुसार कृषको से ऑन लाईन आवेदन लिया जा रहा है। दिनांक–16.09.2014 तक कुल 607 आवेदन ऑन लाईन हुआ है। आवेदन ऑन लाईन करने की अंतिम तिथि 15.09.2014 थी जिसे विभाग द्वारा दिनांक–18.09.2014 तक बढा दी गई है। कृषि यांत्रिकरण मेंला दिनांक–27–28.09.2014 प्रस्तावित है जिनके लिये आवश्यक तैयारी की जा रही है।

**(iv) मिटटी जॉच अभियान :–** मिट्टी जॉच अभियान 2014 अर्न्तगत संग्रहित 7016 के विरूद्व अभीतक–2780 मिट्टी नमूना का विश्लेषण के साथ 6098 नमूना पंजीकृत किया गया है।

**(v) डीजल अनुदान :–** जिला पदाधिकारी द्वारा शैलो टयूवेल योजना अन्तर्गत विगत 02 वर्षो की सूची मॉग की गई जिसपर जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा वताया कि लाभुको की सूची अभी नही ला पाया हुॅ। जिला पदाधिकारी द्वारा इस पर क्षोभ व्यक्त करते हुये 02 दिनो के अन्दर लाभुको की सूची उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। डीजल अनुदान की समीक्षा में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा वताया गया कि जिले के विभिन्न प्रखंडो में

अभीतक 2018 आवेदन प्राप्त हुआ है जिसमें से सदर मंगेर,बरियारपुर, धरहरा एवं जमालपुर से क्रमशः 0.27225, 1.17450, 1.01312 एवं 1.24750 लाख रूपया कोषागार से निकासी हई है जिसका बरियारपुर एवं जमालपुर में वितरण कार्य चल रहा है। संग्रामपुर एवं टेटिया वम्बर से क्रमशः 5.6875 एवं 0.66 लाख रूपये का डीजल अनुदान का आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है जिसका विपत्र तैयार करने की तैयारी हो रही है। ह0 खडगपुर, असरगंज एवं तारापुर मे सृजित आवेदनो का सत्यापन पूर्ण नही होने से राशि की निकासी अभीतक नही हुई है जिसपर जिला पदाधिकारी द्वारा वताया गया कि असरगंज एवं तारापुर प्रखंडो में वर्षापात के आधार पर डीजल अनुदान की कार्रवाई स्थगित कर दिया गया था जो उचित नही है। इस प्रकार अभीतक डीजल अनुदान वितरण का प्रतिवेदन किसी भी प्रखंड सें प्राप्त नही होने के कारण सभी प्रखंडो के प्रखंड कृषि पदाधिकारी का वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने एवं दैनिक प्रगति प्रतिवेदन के साथ सप्ताह मे डीजल अनुदान वितरण कार्य सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

2. <u>उद्यान :–</u> जिला उद्यान पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सघनवागवानी (आम) एवं राष्ट्रीय बागवानी योजनाओ का लक्ष्यानुसार ऑन लाईन आवेदन कृषको से लिया जा रहा है एवं स्वीकृति पत्र के अनुसार कृषको को बीज वितरण किया जा रहा है।
3. <u>सिचाई एवं नलकूप :–</u> कार्यपालक अभियंता सिचांई प्रमंडल तारापुर द्वारा वताया गया कि सभी नहरो में टेल0 प्वाईट तक पानी पहूँच गया है। नलकूप की समीक्षा में कार्यपालक अभियंता नलकूप ने वताया कि जिले में फिलहाल 24 नलकूप कार्यरत है जिसका शतत् निगरानी करते हुए प्रतिदिन सिंचित क्षेत्र का प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।
4. <u>विद्युत :–</u> कार्यपालक अभियंता विद्युत ने जानकारी दी की ग्रामीण स्तर पर विभागीय निदेशानुसार 8–12 घंटे विजली आपूर्ति की जा रही है अभी कही से कोई शिकायत की सूचना नही है।

बैंठक में उपस्थित लोक स्वास्थ, गंगा पम्प नहर, मत्स्य, सहकारिता आत्मा एवं पशुपालन विभाग के प्रतिवेदनो की भी समीक्षा की गई जिन्हे विभागीय निदेशानुसार कार्य करते हुए शत् प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति का निदेश दिया गया।

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैंठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

विश्वासभाजन
[signature] 20.5.14
जिला पदाधिकारी
–सह– अध्यक्ष
मुंगेर।

ज्ञापांक 1293 /कृषि/मुंगेर दिनांक– 24.9.14
प्रतिलिपिः–सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः–अनुमंडल पदाधिकारी सदर मुंगेर/तारापुर/ह0 खड़गपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाई हेतु प्रेषित।

20.9.14
जिला पदाधिकारी
–सह– अध्यक्ष
मुंगेर।

ज्ञापांक 1293/कृषि/मुंगेर दिनांक– 24.9.14
प्रतिलिपिः– आयुक्त मुंगेर की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

20.9.14
जिला पदाधिकारी
–सह– अध्यक्ष
मुंगेर।

ज्ञापांक 1293 /कृषि/मुंगेर दिनांक– 24.9.14
प्रतिलिपिः–निदेशक पी0पी0एम0/कृषि निदेशक बिहार पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

20.9.14
जिला पदाधिकारी
–सह– अध्यक्ष
मुंगेर।

प्रतिलिपिः–प्रधान सचिव/कृषि उत्पादन आयुक्त, बिहार पटना की सेवा में सूचनार्थ अग्रसारित।

20.9.14
जिला पदाधिकारी
–सह– अध्यक्ष
मुंगेर।